उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 21.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में ईद-उल-फितर पर्व के अवसर पर जनपदीय पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए शांति, सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था का जायजा लेते रहे। ड्रोन के माध्यम से सतत निगरानी, समुचित पुलिस प्रबन्ध एवं धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित करते हुए ईद-उल-फितर की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।

आज दिनांक 21.03.2025 को जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा ईद-उल-फितर (ईद) पर्व की नमाज के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल के साथ जनपद में निरंतर भ्रमणशील रहकर सतर्क निगरानी की गई तथा नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा भ्रमण के दौरान ईद की नमाज के अवसर पर ईदगाहों का निरीक्षण करते हुए वहां के धर्मगुरुओं, मस्जिदों के इमाम एवं मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गई। इस दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर त्यौहार मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा एक-दूसरे को मुबारकबाद/बधाई देकर आपसी भाईचारा एवं आत्मीयता का परिचय दिया गया।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वंदना सिंह द्वारा ईद-उल-फितर पर्व की नमाज के अवसर पर क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमण/निरीक्षण किया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल की उपस्थिति में ईदगाहों का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चेक किया गया तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों द्वारा ईद-उल-फितर की नमाज को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर जनपद की समस्त मस्जिदों एवं ईदगाहों में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई तथा नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 21.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत बडी चन्द्रिका धाम मंदिर परिसर में महिला हेल्पडेस्क स्थापित, महिलाओं की सुरक्षा हेतु पुलिस सतर्क।

आज दिनांक 21.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के नेतृत्व में चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना महोबा एवं थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत बडी चन्द्रिका धाम माता मंदिर परिसर में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु एक अस्थायी महिला हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है।

उक्त हेल्पडेस्क के माध्यम से मंदिर में दर्शन हेतु आने वाली माताओं एवं बहनों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों, महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

इसके अतिरिक्त, मंदिर परिसर में महिला पुलिस की विशेष तैनाती कर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा या अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।






- **मिशन शक्ति 5.0 के तहत महोबा पुलिस का जनजागरण अभियान**
- **महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर हर गांव तक पहुंची पुलिस**
- **ग्राम चौपालों में संवाद कर समस्याओं का त्वरित निस्तारण, महिलाओं को किया गया जागरूक**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं नोडल मिशन शक्ति अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण किया गया तथा उन्हें जागरूक किया गया।

अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम, उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा cybercrime.gov.in पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल शैली में संवाद सत्र आयोजित कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को निडर होकर अपनी बात रखने एवं अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।









प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 21.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।




पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने तथा वाँछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.03.2026 को थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित की गयी टीम के व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह का0 सौरभ झां के द्वारा श्रीमान् न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू सीपी नं0- 5853/22 धारा 323/504/325 भादवि थाना अजनर बनाम रवि कुमार पुत्र प्रजापत निवासी ग्राम व थाना अजनर जनपद महोबा के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम अजनर थाना अजनर जनपद महोबा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह थाना अजनर जनपद महोबा।
2. का0 सौरभ झां थाना अजनर जनपद महोबा।

**अभियुक्त/वारंटी-**

रवि कुमार पुत्र प्रजापत निवासी ग्राम व थाना अजनर जनपद महोबा